प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- लोकसभा चुनाव की वोटों की गिनती कल सवेरे आठ बजे शुरु होगी, राज्य में शांतिपूर्ण मतगणना के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध।

2- काउंटिंग के लिए प्रदेश में बनाए गए 14 मतगणना केन्द्र, पहला रुझान साढ़े नौ बजे तक आने की उम्मीद।

3- चुनाव अयोग ने कहा– मतदान के दौरान बना विश्व रिकार्ड, 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग ।

4- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों के साथ ईडी दफ्तर पहुंचे आईएएस मनीष रंजन ।

********************

झारखंड की चौदह लोकसभा सीटों की मतगणना के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के. रवि कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि राज्य में 14 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी और पहला रुझान साढ़े नौ बजे तक आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 14 संसदीय क्षेत्रों के लिए वोटों की गिनती शाम 4 बजे तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस बार डाक मतपत्र अधिक हैं। शांतिपूर्ण मतगणना सुनिश्चित करने के लिए मतगणना केंद्रों और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कल लोकसभा चुनाव की मतगणना में दो केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी और इंडी गठबंधन के नेता कालीचरण मुंडा, विजय हांसदा, सुखदेव भगत समेत 244 प्रत्याशियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। वहीं गांडेय उपचुनाव के भी नतीजे कल सामने आएंगे।

********************

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के दौरान विश्व रिकार्ड बना है। दिल्ली में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव में 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने महिला वोटर्स को बड़ी संख्या में वोट देने के लिए बधाई दी ।

********************

रांची लोकसभा सीट के लिए कृषि बाजार समिति पंडरा में मतगणना को लेकर कल कुछ इलाकों में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंगलवार को पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक तिपहिया वाहन और सभी तरह के व्यावसायिक वाहनों के दोपहर दो से रात आठ बजे तक प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इधर हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए होने वाली मतगणना को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किया गया है। मतगणना के दिन बाजार समिति के पास भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक रूट भी बदलाव किया गया है। भारी वाहनों के परिचालन के कारण लोगों को दिक्कत नहीं हो इसको लेकर बाइपास का सहारा लिया गया है। रांची से बरही रूट में चलने वाले वाहन कोनार पुल से सीधे बाइपास के सहारे गुजरेंगे जबकि शहर से बरही या फिर विष्णुगढ़ जाने वाले वाहन बाईपास पहुंचेंगे। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि बाजार समिति स्थित स्ट्रांग रूम के आसपास दो कंपनी सीआरपीएफ, दो कंपनी डीएपी, दो कंपनी जैप के अलावा अन्य पुलिस फोर्स की तैनाती होगी। हजारीबाग शहर से लेकर बाजार समिति तक पुलिस बलों की तैनाती रहेगी

********************

धनबाद जिले के कृषि बाजार समिति स्थित मतगणना केंद्र में वोटों की गिनती को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।

********************

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कल वोटों की गिनती होगी । मतगणना से जुड़ी पल–पल की खबरों को लेकर कल आकाशवाणी दिल्ली से विशेष प्रसारण किया जाएगा।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

********************

झारखंड के आईएएस अधिकारी मनीष रंजन से आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ जारी है । यह पूछताछ टेंडर कमीशन घोटाले मामले को लेकर की जा रही है। इससे पहले मनीष रंजन से ईडी ने 28 मई को नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी। ईडी ने मनीष रंजन से चल–अचल संपत्ति के दस्तावेज और बैंक खातों के डिटेल्स के साथ तीन जून को ईडी ऑफिस पहुंचने के लिए कहा था।

********************

पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सोरठ गांव के सिंचाई कुएं में डूबकर करीब 35 से 40 बंदरों की मौत हो गई। हालांकि इसके स्पष्ट आंकड़े सामने नहीं आये हैं। संभावना जताई जा रही है कि सारे बंदर कुएं में प्यास बुझाने के लिए उतरे होंगे और फिर बाहर नहीं निकल पाए। ऐसे में उनकी डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग और प्रखंड प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है। मामले में मेदिनीनगर के वन प्रमंडल पदाधिकारी कुमार आशीष का कहना है कि वन विभाग द्वारा कुएं से बंदरों के शव निकाले जा रहे हैं। पांकी एवं कुन्दरी वन क्षेत्र के कर्मियों को इसमें लगाया गया है।

********************

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने देशभर में टोल टैक्स में औसतन पांच फीसदी की बढ़ोतरी की है। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि बढ़ा हुआ शुल्क आज से लागू हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में नौ सौ से अधिक टोल प्लाजा हैं।

********************

भारत की लोकप्रिय भुगतान प्रणाली यूपीआई यानी यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस ने मई में 20 खरब 45 अरब रुपये के 14 अरब 4 करोड़ लेनदेन का नया कीर्तिमान स्थापित किया। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष मई की तुलना में यह लेनदेन 49 प्रतिशत अधिक हैं। अप्रैल 2016 में यूपीआई शुरू होने के बाद से मई के वर्तमान आंकड़े मूल्य और मात्रा के हिसाब से सबसे अधिक हैं। वहीं तत्काल भुगतान सेवा –आईएमपीएस लेन–देन की मात्रा मामूली रूप से एक दशमलव 4–5 प्रतिशत बढ़कर मई में 558 मिलियन हो गई, जबकि अप्रैल में यह 550 मिलियन थी। पिछले साल के इसी महीने की तुलना में मात्रा में 12 प्रतिशत और मूल्य में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

********************

छोटानागपुर एथलेटिक एसोसिएशन (सीएए ) की ओर से रांची में पहली बार महिला फुटबॉल लीग का आयोजन कराया जा रहा है। सीएए के महासचिव आसिफ नईम ने बताया कि इसकी शुरुआत होटवार के खेलगांव में 20 जून होगी। इस लीग में (ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन) एआईएफएफ से रजिस्टर्ड टीम ही भाग ले सकेगी। लीग के लिए रजिस्टर करने की अंतिम तिथि 15 जून है। टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा।

********************

संक्षिप्त खबरें

- कोडरमा जिले में हुए दो सड़क हादसों में 15 लोग घायल हो गए, जिनमें चार की स्थिति गम्भीर है। आज सुबह डोमचांच थाना क्षेत्र के कोठियाराबर में कार और सवारी गाड़ी की जोरदार टक्कर में दोनों गाड़ी में सवार 13 लोग घायल हो गए। वहीं एक अन्य घटना में कोडरमा घाटी में रविवार रात अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से कार सवार दो लोग घायल हो गए।
- गुमला में वज्रपात की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई है।

- रांची, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक लड़की को अपहरणकर्ता के चंगुल से बचाया है  साथ ही आरोपित को गिरफ्तार किया है।

********समाप्त**********